हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
गुरुवार, 03 अक्तूबर 2013, नगर, पांच प्रदेश, 18 संस्करण
www.livehindustan.com

नॉलेज पार्क स्थित बिमटेक में बुधवार को स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में छात्रा को सम्मानित करते नागालैंड और मणिपुर के राज्यपाल डॉ. अश्विनी कुमार। ● अतुल मोदी

राज्यपाल ने बताए सफलता के सूत्र

ग्रेटर नोएडा | **वरिष्ठ संवाददाता**

गांधी जयंती के अवसर पर बुधवार को प्रबंधन संस्थान 'बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी' का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के तहत सुबह सर्व धर्म सभा की गई। इसके बाद नागालैंड और मणिपुर के राज्यपाल डॉ. अश्विनी कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। डॉ. कुमार ने अपने अनुभवों और सूत्रों के जरिए सफलता हासिल करने का तरीका बताया।

डॉ. अश्विनी कुमार ने कहा 'अगर ईमानदारी से कठिन परिश्रम करेंगे तो अवसर जरूर मिलेंगे। सफलता भी मिलेगी।' इसे उन्होंने एचटूओ (हार्ड वर्क, ऑनेस्टी इज ईक्वल टू ऑपरचुनिटी) नाम दिया है। उन्होंने कहा कि 'तैयारी, तैयारी और केवल तैयारी ही आगे बढ़ाती है।' इस सूत्र को अश्विनी कुमार अपना पी3 (प्रिपरेशन, प्रिपरेशन एंड ओनली प्रिपरेशन) मंत्र कहते हैं। डॉ. अश्विनी कुमार ने बताया कि वे हिमाचल प्रदेश के छोटे से गांव नहान से ताल्लुक रखते हैं। मेहनत और तैयारी के बूते आईपीएस टॉपर बने। सीबीआई के निदेशक रहे। इसके अलावा तमाम महत्वपूर्ण कार्य किए।

बिमटेक में हुए कार्यक्रम में मौजूद लोग।

बिमटेक के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी ने बताया कि डॉ. अश्विनी कुमार से छात्र-छात्राओं को प्रेरणा मिलेगी। दुनिया के प्रबंधन को देखने से पहले खुद का प्रबंधन करना लाजिमी है। संस्थान के 25 वर्ष पूरे होने पर एक निबंध प्रतियोगिता हुई। इसमें अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्रों मयंक, आकांक्षा और महिमा को पुरस्कृत किया गया है। समारोह के आखिर में शाम चार बजे पतंगबाजी हुई। इसके बाद समारोह के समापन की घोषणा कर दी गई। समारोह के दौरान प्रोफेसर संगीता शुक्ला, प्रोफेसर पीएस नागपाल, डॉ. जे शेट्टीगर, डॉ. आभा ऋषि, प्रोफेसर केआर चारी, डॉ. अनुज शर्मा ने संयोजक और समन्वयक की भूमिका निभाई।

- बिमटेक के स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे नागालैंड के राज्यपाल
- डॉ. अश्विनी कुमार ने छात्रों को अपने जीवन के बारे में बताया
- शाम चार बजे पतंगबाजी के साथ हुआ कार्यक्रम का समापन